29.4.24

 B+

Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD.

कक्षा :- सातवीं  शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण ('अनेकार्थी शब्द' पृष्ठ-120)
(अशुद्ध- शुद्ध शब्द पृष्ठ-132)('अर्थ' से 'गुरु' तक)
पुस्तक - वीवा हिंदी व्याकरण - 7

सुप्रभात प्यारे बच्चो

प्रस्तुत 'अनेकार्थी शब्द' वीवा हिंदी व्याकरण-7 की पुस्तक के पृष्ठ-120-121 पर दिया गया है। यह कार्य आपको 29.4.24 को भेजा जा रहा है।

सब बच्चे इस कार्य को ध्यान से पढ़ेंगे, समझेंगे और लिखेंगे।

(क) राधा ने परीक्षा में बहुत अच्छे अंक प्राप्त किए हैं।
(ख) बच्चा अपनी माँ के अंक में खेल रहा है।
(ग) पेड़ से पत्र गिर रहे हैं।
(घ) सुनीता ने अपनी माँ को पत्र लिखा।

बच्चो, ऊपर लिखे वाक्यों में आए रेखांकित शब्द सुनने में समान लगते हैं लेकिन हम इन्हें ध्यान से देखें तो इनके अर्थ बिल्कुल अलग हैं।

प्रथम के दो वाक्यों में अंक शब्द आया है।

(क) अंक - संख्या  (ख) अंक - गोद।

ऐसे ही (ग) पत्र - पत्ते  (घ) पत्र - चिट्ठी।

परिभाषा :-

ऐसे शब्द जिनके एक से अधिक अर्थ होते हैं, अनेकार्थी शब्द कहलाते हैं।

पृष्ठ-120-121 पर आए अनेकार्थी शब्द कराऊँगी।



Tutorial
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

29.4.24



कक्षा - सातवीं सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण ( अनेकार्थी शब्द, अशुद्ध-शुद्ध)
(पृष्ठ-120-121) शब्द पृष्ठ-132)

शब्द - अनेकार्थी शब्द

1. अर्थ - धन, मतलब, प्रयोजन
2. अक्षर - वर्ण, नष्ट न होने वाला
3. कुल - वंश, जोड़
4. गिरा - गिरना, सरस्वती, वाणी
5. अवधि - सीमा, समय
6. कर्ता - ईश्वर, करने वाला
7. काल - समय, मृत्यु
8. निशान - चिह्न, झंडा
9. पृष्ठ - पन्ना, पीछे का भाग, पीठ
10. मत - राय, वोट, नहीं
11. श्री - शोभा, लक्ष्मी, संपदा
12. संज्ञा - नाम, चेतना
13. वर - श्रेष्ठ, पति, वरदान
14. बल - सेना, ताकत
15. अंक - संख्या, गोद, नाटक के अंक
16. मुद्रा - सिक्का, मोहर, मुँह का भाव
17. गुरु - बड़ा, भारी, शिक्षक।

अब मैं आपको गृहकार्य करने को दूँगी।

गृहकार्य:- सब बच्चे कराए गए कार्य को अपनी अभ्यास-पुस्तिका में लिखेंगे और याद करेंगे।

अब हम अशुद्ध- शुद्ध शब्द करेंगे।
(पृष्ठ-2)

Scanned with CamScanner

29.4.24



कक्षा - सातवीं    सुमन शर्मा

विषय - हिंदी व्याकरण (अनेकार्थी व अशुद्ध-शुद्ध शब्द)

(आधीन से राष्ट्रीय तक) पृष्ठ-132)

| अशुद्ध रूप | शुद्ध रूप |
|---|---|
| 1. आधीन | अधीन |
| 2. समाजिक | सामाजिक |
| 3. सप्ताहिक | साप्ताहिक |
| 4. अत्याधिक | अत्यधिक |
| 5. उन्नती | उन्नति |
| 6. कवित्री | कवयित्री |
| 7. अतिथी | अतिथि |
| 8. केंद्रिय | केंद्रीय |
| 9. दयालू | दयालु |
| 10. क्षत्रीय | क्षत्रिय |
| 11. क्योंकी | क्योंकि |
| 12. दिवाली | दीवाली |
| 13. परिवारिक | पारिवारिक |
| 14. प्रदर्शिनी | प्रदर्शनी |
| 15. परिक्षा | परीक्षा |
| 16. बिमार | बीमार |
| 17. शक्ती | शक्ति |
| 18. मुनी | मुनि |
| 19. श्रेष्ट | श्रेष्ठ |
| 20. क्रिपया/कृप्या | कृपया |
| 21. उज्ववल/उज्वल | उज्ज्वल |
| 22. सन्यासी | संन्यासी |
| 23. राष्ट्रिय | राष्ट्रीय |

(अंतिम पृष्ठ-3)

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner